## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 18.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी आज धनबाद के दौरे पर, झरिया मास्टर प्लान पर जिले और कोल कंपनी के अधिकारियों के साथ करेंगी बैठक।
2. झारखंड हाईकोर्ट ने सांसद ढुल्लु महतो को दी बड़ी राहत, संपत्ति जांच की मांग को लेकर दाखिल याचिका खारिज की।
3. आरपीएफ ने बाल तस्करी के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई, बाल मजदूरी के लिए दिल्ली ले जाए जा रहे 14 बच्चों को किया रेस्क्यू, दो तस्कर गिरफ्तार।
4. रांची में बंद पड़े एक सरकारी स्कूल की छत गिरी, मलबे में दबने से एक की मौत, दो घायल। स्थानीय लोगों में आक्रोश।
5. राज्य में अगले पांच दिन बारिश से राहत मिलने की उम्मीद, मौसम विभाग ने तेज बारिश की संभावना से किया इनकार, वज्रपात की आशंका कायम।

*******************

राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी आज धनबाद का दौरा करेंगी। दोपहर में वह स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी, जिसमें झरिया मास्टर प्लान पर चर्चा होगी। बैठक में कोल कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बैठक में कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है।

*******************

धनबाद से भाजपा सांसद ढुल्लु महतो को आज हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उनके खिलाफ संपत्ति की जांच की मांग को लेकर दाखिल याचिका खारिज कर दी है। प्रार्थी सोमनाथ चटर्जी की ओर से यह जनहित याचिका दायर की गई थी। प्रार्थी ने अपनी याचिका में कहा था कि ढुल्लू महतो ने चुनाव लड़ते समय संपत्ति की सही जानकारी नहीं दी है। उनके पास कई बेनामी संपत्ति हैं, जिसकी कीमत 675 करोड़ रुपये से ज्यादा है।

*******************

दुमका जिले के जरमुंडी प्रखंड के आदिवासी बहुल बेदिया गांव में पिछले एक सप्ताह में चार लोगों की बीमारी से मौत हो गयी है। ग्रामीणों का कहना है कि सभी मौतें डायरिया से हुई हैं। सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में कैंप लगा कर ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की। सभी का उपचार किया किया जा रहा है। उधर, खूंटी में भी मलेरिया डायरिया और टाइफाइड के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने कहा कि इन बीमारियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं।

*******************

कोडरमा आरपीएफ ने बाल तस्करी को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। बाल मजदूरी के लिए दिल्ली ले जाए जा रहे 14 बच्चों को रेस्क्यू किया है। जबकि इस मामले में बाल तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया है। सभी बच्चों को आरपीएफ ने चाइल्डलाइन के सुपुर्द कर दिया है। रेस्क्यू किए गए 14 बच्चे गिरिडीह जिले के मालडा के रहने वाले हैं, जिन्हें दिल्ली में होटल या घरों में काम करवाने के लिए ले जाया जा रहा था। पकड़े गए दोनों बाल तस्करों के पास से सभी बच्चों के फर्जी आधार कार्ड के साथ दिल्ली के 16 जेनरल रेलवे टिकट भी बरामद किये गये हैं।

*******************

रांची के एक होटल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रसार कार्यशाला में पचायत निदेशक राजेश्वरी बी ने कहा कि झारखंड ने पंचायत उन्नति सूचकांक के तहत स्वास्थ्य पंचायत थीम में सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने बताया कि सूचकांक का मकसद सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करना है, जिसके लिए पंचायतों को नौ अलग–अलग थीम पर चरणबद्ध तरीके से फोकस करना होगा। हर साल दो–दो थीम पर केंद्रित काम कर हम

अपने लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ सकते हैं। राज्य स्तरीय आंकलन का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि लोहरदगा ने 59.37 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

******************

राजधानी रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के पिस्का मोड़ के पास आज सबेरे अचानक एक सरकारी स्कूल की छत गिर गयी। मलबे में दबने से एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दो लोग गंभीर रुप से घायल हुए हैं। घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि यह स्कूल पिछले आठ वर्ष से बंद है और यहां के बच्चों को दूसरे स्कूल में शिफ्ट कर दिया गया है। इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

******************

चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल में इस वर्ष करीब 12 लाख पौधे लगाए जाएंगे। डीएफओ मुकेश कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पौधारोपण का कार्य वन विभाग द्वारा संचालित अलग अलग योजनाओं के जरिए किया जा रहा है।

******************

सरायकेला जिले में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है।

******************

भारतीय शेयर बाजारों में आज 18 जुलाई को तेज गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स, 630 अंक गिरकर 81 हजार 628 पर आ गया। वहीं, निफ्टी 186 अंक की गिरावट के साथ 24 हजार 925 के स्तर पर फिसल गया।

******************

राज्य में अगले पांच दिन बारिश से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि निम्न दवाब का क्षेत्र झारखंड से गुजर गया है। ऐसे में राज्य के किसी भी हिस्से में अगले कुछ दिन तेज बारिश की उम्मीद नहीं है।

******************